RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 346 | नागौर, 28 नवम्बर, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## राजस्थान में डेंगू का डंक

### 11 हजार 725 पॉजिटिव केस आ चुके हैं सामने, जयपुर में मिले सर्वाधिक मामले

जयपुर.

राजस्थान में मौसमी बीमारियों के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है. इस साल मलेरिया और चिकनगुनिया की तुलना में डेंगू के सबसे ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं. सबसे ज्यादा 4 हजार से अधिक केस राजधानी जयपुर में और सबसे कम केस बांसवाड़ा में रिपोर्ट किए गए हैं. मानसून के प्रदेश से विदा हुए करीब एक माह हो चुका है. नवंबर भी लगभग बीतने को है. बावजूद इसके प्रदेश में मौसमी बीमारियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं. स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस साल अब तक डेंगू के 11 हजार 725 पॉजिटिव केस आ चुके हैं. पिछले एक सप्ताह के दौरान ही प्रदेश में एक हजार एक सौ से अधिक मामले रिपोर्ट किए जा चुके हैं. हालांकि अच्छी बात यह है कि प्रदेश में डेंगू की तुलना में मलेरिया और चिकनगुनिया इस बार कंट्रोल में हैं. स्वास्थ्य विभाग की टीमें डेंगू पर नियंत्रण के लिए प्रदेशभर में बड़े स्तर पर काम कर रही हैं.

#### कंट्रोल में हैं मलेरिया और चिकनगुनिया

स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में बात करें तो प्रदेश में इस साल मलेरिया के एक हजार 480 और चिकनगुनिया के केवल 175 केस आए हैं. लेकिन डेंगू के मामले इन दोनों की तुलना में कई गुना ज्यादा हैं. हालांकि पिछले साल की तुलना में इस साल डेंगू के कम केस रिपोर्ट हुए हैं. पिछले साल डेंगू के प्रदेश में 15 हजार पॉजिटिव केस सामने आए थे.

#### राजधानी जयपुर में सबसे ज्यादा डेंगू के केस

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार इस साल डेंगू के सबसे ज्यादा केस राजधानी जयपुर में रिपोर्ट किए गए हैं. राजधानी जयपहुर में 4 हजार 67 डेंगू पॉजिटिव मरीज रिपोर्ट हुए हैं. इसके अलावा बाड़मेर में 888, बीकानेर में 668, धौलपुर में 505, दौसा में 617, श्रीगंगानगर में 505, अलवर में 427, उदयपुर में 440, टोंक में 304, सीकर में 174, कोटा में 251, करौली में 365, झुंझुनूं में 452 केस आए हैं. डेंगू के सबसे कम मामले बांसवाड़ा में 11 केस रिपोर्ट किए गए हैं.

## सूरत में पीएम मोदी की सभा : बोले- उन लोगों से सावधान रहें जो आतंकवादियों के लिए अच्छा सोचते हैं

सूरत.

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा है कि गुजरात की नई पीढ़ी ने अहमदाबाद और सूरत के सीरियल बम धमाके नहीं देखे हैं। मैं उन्हें उन लोगों से सावधान करना चाहता हूं जो आतंकवादियों के लिए अच्छा सोचते हैं। दिल्ली का बाटला हाउस एनकाउंटर आतंकी वारदात थी लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इस पर सवाल उठाया था। मोदी सूरत में रविवार रात एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसके पहले मोदी ने पाटीदारों के गढ़ सूरत में एयरपोर्ट से अब्रामा ग्राउंड तक रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कई जगह कार से बाहर निकलकर लोगों का अभिवादन किया। पीएम के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर भारी भीड़ जमा थी। पीएम आज की रात सूरत में ही रुकेंगे।

#### आतंकवाद की बजाए कांग्रेस ने मुझे निशाना बनाया

रविवार को गुजरात पहुंचे पीएम ने नेत्रंग और खेड़ा में दो रैलियां की। खेड़ा की चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि गुजरात लंबे समय से आतंकवाद के निशाने पर रहा है। गुजरात के लोग सूरत और अहमदाबाद में विस्फोटों में मारे गए। तब कांग्रेस केंद्र में थी, हमने उनसे आतंकवाद को निशाना बनाने को कहा, लेकिन उन्होंने इसके बजाय मुझे निशाना बनाया। उनके शासन में देश में आतंकवाद चरम पर था।

#### कांग्रेस हमारी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाती है

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 2014 में आपके एक वोट ने देश से आतंकवाद को सफाया करने को लेकर बहुत बड़ी पहल की थी। इससे बहुत बड़ा अंतर पैदा हुआ था। देश के शहरों की तो बात ही छोड़िए, अब आतंकवादियों को हमारी सीमाओं पर हमला करने से पहले भी बहुत कुछ सोचना पड़ता है, लेकिन कांग्रेस हमारी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाती है।उन्होंने कहा कि 25 साल तक के राज्य के युवाओं ने कभी नहीं देखा कि कर्फ्यू कैसा होता है। मुझे उन्हें बम विस्फोटों से बचाना है, केवल भाजपा की डबल इंजन सरकार ही ऐसा कर सकती है। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति में आतंक का खतरा बना रहेगा।

#### अब मातृभाषा में पढ़कर युवा बन रहे हैं डॉक्टर-इंजीनियर

दो दिन के चुनावी दौरे पर गुजरात पहुंचे पीएम नरेंद्र मोदी ने आज भरूच जिले के नेत्रंग में 'विजय संकल्प सम्मेलन' जनसभा को संबोधित किया। यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा- डॉक्टर या इंजीनियर बनना हो तो पहले अंग्रेजी पढ़नी होती थी। और अंग्रेजी सीखने के लिए किसी बड़े शहर में जाना पड़ता था। लेकिन, शहर जाकर पढ़ाई करने के लिए एक गरीब आदमी के पास पैसा कहां से आएगा?



**बीजेपी के संकल्प पत्र में बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए सबकुछ-**हमारी पार्टी ने एक दिन पहले अपना संकल्प पत्र जारी किया है, जिसमें बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए सबकुछ है। उन्होंने ये दावा किया कि हमारा संकल्प इतना स्पष्ट है कि भाजपा की सीटें पहले से भी ज्यादा बढ़ जाएंगी। बता दें कि पीएम मोदी अब खेड़ा जाएंगे जहां वे जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे सूरत जाएंगे, जहां रोड शो करेंगे।

**मैंने आदिवासियों से सीखा है-**पीएम ने आगे कहा कि हुए कहा कि अपने जीवन के आरंभ में मैंने आदिवासियों से सीखा है, जब मैं आदिवासियों के पास आता हूं तो मेरा आनंद कई गुना बढ़ जाता है। पीएम मोदी ने कहा कि आपका (जनता) आशीर्वाद सिर्फ चुनाव के लिए आशीर्वाद नहीं हैं। यह आशीर्वाद विकसित गुजरात बनाने के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि आज इतनी बड़ी संख्या में सभी प्रत्याशियों को जिताने के लिए निकले हैं। गुजरात के मेरे भाई-बहन यह चुनाव लड़ रहे हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा : राहुल के आने से पहले गुर्जरों को शांत करेगी सरकार

### यात्रा रोकने की धमकी देने वाले विजय बैंसला और गुर्जर नेताओं के साथ आज सचिवालय में बैठक

जयपुर।

भारत जोड़ो यात्रा को राजस्थान में घुसने नहीं देने की गुर्जर नेता विजय बैंसला की धमकी का असर दिखने लगा है। राहुल गांधी की यात्रा का राजस्थान में आने का समय जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, सरकार में हलचल तेज हो गई है।

यात्रा को राजस्थान में घुसने नहीं देने की धमकी देने वाले गुर्जर नेता विजय बैंसला को सरकार ने सोमवार को बातचीत के लिए सचिवालय बुलाया है। सरकार चाहती है कि यात्रा आने से पहले गुर्जरों से 2019 और 2020 में हुए समझौतों के बकाया बिंदुओं पर निर्णय हो जाए। सोमवार को सुबह 10 बजे सचिवालय में होने वाली बैठक में विजय बैंसला सहित एमबीसी वर्ग के 17 नेता मौजूद रहेंगे।

सरकार की तरफ से इस बैठक में शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव, खेल व युवा राज्य मंत्री अशोक चांदना और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिंदर अवाना गुर्जर नेताओं से बातचीत के लिए अधिकृत किए गए हैं। ये चारों नेता गुर्जरों से बातचीत करके यात्रा का विरोध नहीं करने के लिए मनाएंगे।

गुर्जरों की तरफ से मुख्य मांग है कि सरकार ने जो 2019 और 2020 में समाज के साथ समझौते किए थे, उनको अक्षरशः लागू किया जाए। समझौते के कई बिंदुओं पर अभी भी कार्रवाई होनी बाकी है। इनमें से मुख्य रूप से आंदोलन के दौरान गुर्जरों पर दर्ज हुए केसों के निस्तारण के साथ-साथ देवनारायण योजना में बच्चों की रुकी हुई छात्रवृत्ति जारी करने, अलग-अलग भर्तियों में 233 और 372 युवाओं को नौकरी देने,



प्रक्रियाधीन भर्तियों और बैकलॉग को पूरा करने संबंधी मांगे शामिल हैं।

सोमवार को होने वाली बैठक में विजय बैंसला के अलावा भूरा भगत, एडवोकेट हनुमान गुर्जर, एडवोकेट वीरेंद्र धाभाई, सुवालाल गुर्जर, वेदप्रकाश, अमराराम देवासी, रामराज भोपर, पिंटू गोटन, इंद्रजीत गुर्जर, लोकेंद्र चावड़ी, महावीर रलावाता, हनुमान सिराधना समेत एमबीसी वर्ग के 17 नेता शामिल होंगे।

## चीन में जिनपिंग के खिलाफ सड़कों पर लोग

बीजिंग.

चीन में एक तरफ कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ लोग जीरो कोविड पॉलिसी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। लोग इसके विरोध में नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति शी जिनपिंग से इस्तीफा मांग रहे हैं। ये प्रदर्शन 25 नवंबर को शिंजियांग के एक अपार्टमेंट में लगी आग के बाद उग्र हो गया। दरअसल, जीरो कोविड पॉलिसी के तहत लगाए गए लॉकडाउन के चलते दमकलकर्मी वक्त रहते आग बुझाने यहां नहीं पहुंच पाए। इससे 10 लोगों की मौत हो गई थी।

#### लोग बोले- डिक्टेटरशिप नहीं, डेमोक्रेसी चाहिए

सोशल मीडिया पर विरोध प्रदर्शन के कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग सड़कों पर बैनर लेकर खड़े हैं। बैनर पर लिखा है- नीड ह्यूमन राइट, नीड फ्रीडम यानी हमें मानव अधिकार और आजादी चाहिए। एक अन्य वीडियो में लोगों को शी जिनपिंग से इस्तीफा मांगते सुना गया।

## कश्मीर के 3 जिले आतंकवादी मुक्त

### एडीजीपी का दावा- लश्कर और जैश के पास कोई कमांडर नहीं; दो साल में आतंकवाद पूरी तरह मिटेगा

नई दिल्ली।

कश्मीर के तीन जिले आतंकवादी मुक्त हो गए हैं। कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने शनिवार को खुलासा किया कि आतंकवादी मुक्त जिलों में बांदीपोरा, कुपवाड़ा और गांदरबल का नाम शामिल है। जबकि आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के कई कमांडर पिछले दिनों हुई मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं, इस कारण घाटी में दोनों संगठनों को चलाने वाला कोई नेता नहीं बचा है। हालांकि एडीजीपी ने यह भी कहा कि इन तीनों जिलों में अब भी 7 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं। कश्मीर के 13 पुलिस जिलों में अभी भी 81 आतंकवादी हैं जिनमें 29 लोकल और 52 विदेशी मूल के (पाकिस्तानी) हैं।

**दो साल पहले कश्मीर में 80 टॉप कमांडर थे, अब केवल तीन**-विजय कुमार ने बताया कि दो साल पहले तक कश्मीर में करीब 80 टॉप कमांडर्स थे। मौजूदा समय में हिजबुल मुजाहिदीन का फारूक नल्ली 2015 के बाद से एकमात्र एक्टिव कमांडर है और वह भी सेनाओं के रडार पर है। नल्ली के अलावा दो और कमांडर एक्टिव हैं। आंकड़ों में कहा गया है कि इस साल कश्मीर में कुल 169 आतंकवादी (127 स्थानीय



आतंकवादी और 42 विदेशी आतंकवादी) मारे गए हैं। पहले कश्मीर में 15-18 हाइब्रिड आतंकवादी एक्टिव थे। अब भी ज्यादातर पुलवामा, शोपियां, कुलगाम, अनंतनाग और दक्षिण कश्मीर में हैं। विजय कुमार के मुताबिक जम्मू पुलिस ने इस साल 119 आतंकवादी मॉड्यूल्स का भंडाफोड़ किया है।

**संभावित आतंकियों की वापसी कराई-** पुलिस के मुताबिक कश्मीर में उनकी चिंता तुर्कीये से आने वाले हथियार, ओवर ग्राउंड महिला आतंकी और आतंकवादी बनने की दिशा में बढ़ने वाले कट्टर लोग हैं। पुलिस को इनमें से 13 को वापस लाने में कामयाबी भी मिली है। पुलिस ने इसे आतंकवाद की चौथी कैटेगरी संभावित आतंकवादी बताया है।

## मन की बात में बापू का भजन

### जी-20 की अध्यक्षता मिलना हर भारतीय के लिए गौरव की बात : पीएम मोदी

नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम के 95वें ऐपिसोड के जरिए देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने जी-20, भारत की स्पेस सेक्टर में जगह, दुनिया में बढ़ती भारतीय संगीत की लोकप्रियता सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भजन भी प्ले किया गया। पीएम ने कहा कि हम बहुत तेजी से इस कार्यक्रम के शतक की तरफ बढ़ रहे हैं। यह कार्यक्रम मेरे लिए 130 करोड़ देशवासियों से जुड़ने का एक और माध्यम है। हर एपिसोड से पहले, गांव-शहरों से आए ढ़ेर सारे पत्रों को पढ़ना, बच्चों से लेकर बुजुर्गों के ऑडियो मैसेज को सुनना, ये मेरे लिए एक आध्यात्मिक अनुभव की तरह होता है।

#### जी-20 की अध्यक्षता बड़ा मौका

पीएम ने सबसे पहले जी-20 का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही मुझे तेलंगाना से हरिप्रसाद गारू ने हाथ से जी-20 का लोगो बुनकर भेजा है। ये शानदार उपहार देखकर मैं हैरान रह गया। मेरे मन में विचार आया कि तेलंगाना में बैठा व्यक्ति जी-20 सम्मेलन से खुद को कितना जुड़ा हुआ महसूस करता है। उन्होंने कहा कि भारत एक दिसंबर से इतने बड़े समूह की अध्यक्षता करने जा रहा है। जी-20 की अध्यक्षता, हमारे लिए एक बड़ा मौका बनकर आई है। हमें इस मौके का पूरा उपयोग करते हुए विश्व कल्याण पर ध्यान केंद्रित करना है। चाहे शांति हो या एकता, पर्यावरण को लेकर संवेदनशीलता की बात हो, या फिर सतत विकास की, भारत के पास इनसे जुड़ी चुनौतियों का समाधान है। हमने( जी-20 के लिए) वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर की जो थीम दी है, उससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है।

#### स्पेस सेंटर में भारत ने रचा इतिहास

पीएम मोदी ने कहा कि भारत स्पेस के सेक्टर में अपनी सफलता अपने पड़ोसी देशों से भी शेयर कर रहा है। कल ही भारत ने एक सैटेलाइट लॉन्च की, जिसे भारत और भूटान ने मिलकर विकसित किया है। इस सैटेलाइट की लॉन्चिंग भारत-भूटान के मजबूत संबंधों का प्रतिबिंब है।

## 'तोते की जान' इस्तीफों में अटकी : बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष

### कहा- स्पीकर की दया से बची गहलोत सरकार, विधानसभा अध्यक्ष से दोबारा मांग उठाएंगे

जयपुर.

कांग्रेस के गहलोत खेमे के विधायकों के इस्तीफे 25 सितम्बर से विधानसभा अध्यक्ष के पास पेंडिंग होने और दो महीने बीतने पर भी एक्शन नहीं होने के सवाल पर पूनिया बोले-अभी तो तोते की जान इस्तीफे में अटकी हुई है। नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया से आग्रह करूंगा कि एक बार फिर से हम इस पर स्पीकर से दोबारा से मांग उठाएं।

स्पीकर ने पिछली बार मुलाकात के दौरान आश्वस्त किया था कि मैं ऐसा फैसला दूंगा जो नजीर बनेगा। हम इंतजार करते हैं कि वो नजीर कब बने। तोता कौन है ? सवाल पर पूनिया मुस्कुराकर बोले- तोता इस्तीफे में है। इसके बाद वह चल दिए। पूनिया ने कहा- विधायकों के इस्तीफे के बारे में अब तक कोई फैसला नहीं




होना वैसा ही है- जैसा जस्टिस डिलेड, जस्टिस डिनाइड। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष ने कहा - नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में हम लोग राजस्थान विधानसभाध्यक्ष से विधायकों के इस्तीफे के मुद्दे पर मिले थे। उन्हें आग्रह किया था कि राजस्थान में राजनीतिक अस्थिरता के कारण विकास के काम भी ठप हैं और किसी को लग नहीं रहा कि सरकार है।

इस्तीफे व्यक्तिगत तौर पर दिए गए। होंश हवास से दिए गए। ये बात भी सार्वजनिक तौर पर सबको मालूम है। स्पीकर ने कहा- क्योंकि यह संविधानिक मसला है। मैं इसको एक्जामिन करवा रहा हूँ। मुझे लगता है कि राजस्थान सरकार स्पीकर की दया से बची हुई है। हम लोग फिर से स्पीकर से आग्रह करेंगे कि इस बात पर वो कोई ना कोई रूलिंग अपनी तरफ से दें। उनके यही कहा था कि इस्तीफे स्वीकार करें, इनकार करें। लेकिन जो भी स्थिति है राजस्थान की जनता और विपक्ष भी जानना चाहता है कि सरकार का स्टेटस क्या है।

#### संविधानिक पद पर रहकर राजनीतिक गतिविधि में हिस्सा लेने पर सवाल

पूनिया ने कहा- संविधानिक पद पर रहते हुए विधानसभा अध्यक्ष का राजनीतिक गतिविधि में भाग लेना सवाल तो खड़ा करता ही है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में विधानसभाध्यक्ष डॉ सीपी जोशी के शामिल होने के सवाल पर पूनिया बोले- मैं नेता प्रतिपक्ष से आग्रह करूंगा। हम सब लोग मिलकर इसका जो भी कानूनी और संविधानिक पक्ष होता है, वो लड़ाई लड़ेंगे।

## भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 343 मामले आए सामने, बढ़ा रिवकरी रेट

नई दिल्ली।

भारत में रविवार को कोरोना संक्रमण के 343 नए मामले सामने आए। जिससे कोरोना के मामलों की कुल संख्या 4,46,71,562 हो गई, जबकि सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 5,263 है। इन आंकड़ों की जानकारी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। कोविड-19 के कारण मरने वालों की संख्या चार और मृत्यु के साथ 5,30,612 हो गई, जिसमें केरल द्वारा तीन और महाराष्ट्र से पिछले 24 घंटों में रिपोर्ट की गई रिपोर्ट शामिल है, जो सुबह 8 बजे अपडेट किया गया था। सक्रिय मामलों में कुल संक्रमणों का 0.01 प्रतिशत शामिल है। मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, राष्ट्रीय कोविड-19 रिकवरी दर बढ़कर 98.80 प्रतिशत हो गई है। 24 घंटे की अवधि में सक्रिय कोविड-19 में 132 मामलों की कमी दर्ज की गई है। बीमारी से ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 4,41,35,687 हो गई और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है।

मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कोविड-19 टीकों की 219.90 करोड़ खुराक दी जा चुकी है।

## जम्मू-कश्मीर: श्रीनगर में दर्ज हुई इस मौसम की सबसे सर्द रात



श्रीनगर:

कश्मीर में पारा शून्य से नीचे गिरने के साथ ही श्रीनगर में इस मौसम में अब तक की सबसे सर्द रात दर्ज की गयी. अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शहर में शनिवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जो इस मौसम में अभी तक सबसे कम है. उन्होंने बताया कि रात का तापमान इस मौसम के लिए सामान्य से 1.2 डिग्री नीचे दर्ज किया गया.

दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के आधार शिविर में से एक पहलगाम पर्यटक रिजॉर्ट में तापमान शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा और यह घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा. अधिकारियों ने बताया कि उत्तर कश्मीर के बारामूला जिले में मशहूर स्की-रिजॉर्ट गुलमर्ग में पारा शून्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया. दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में घाटी में प्रवेश के केंद्र काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में भी यह शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा.

कोकेरनाग में तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम रहा. लद्दाख में लेह शहर में पारा शून्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस नीचे था जबकि द्रास में न्यूनतम तापमान शून्य से 11.6 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया. मौसम कार्यालय ने कहा कि न्यूनतम तापमान और गिर सकता है क्योंकि मौसम के सात दिसंबर तक मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है.

## सम्पादकीय

# अपरिग्रह से परिग्रह तक

आधुनिक समय में राष्ट्रीय स्तर पर शासन व्यवस्था के लिए जनतंत्र या लोकतंत्र को उन सभी विकल्पों में श्रेष्ठ माना गया है, जिनका अनुभव मानव जाति ने सभ्यता के विकास, इतिहास तथा दर्शन से संग्रहीत किया है। इसी कारण द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जनतंत्र को सिद्धांत रूप में अधिकांश नव-स्वतंत्र देशों ने अपनाया। आज वैश्विक स्तर पर जनतंत्र को लागू करने के बाद उसकी उपलब्धियां और कमियां सामान्य जन के समक्ष भी आ चुकी हैं। फ्रांसीसी क्रांति से प्रचलन में आए तीन अमर शब्द- समानता, स्वतंत्रता, भाईचारा- वैश्विक स्वीकार्यता प्राप्त कर चुके हैं। ये मनुष्य की सर्वोत्कृष्ट अभिलाषाओं को प्रकट करते हैं। अधिकतर देशों के संविधान में ये समाहित किए गए हैं। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अनेक नेताओं ने भाग लिया, स्वतंत्र भारत के भविष्य के लिए सुनहरे सपने बुने। उनमें से कुछ जब सत्ता में आए, तो उन्हें अपरिमित सुख-सुविधा-संपन्नता के द्वार खुले मिले। उसकी चकाचौंध में वे अपने पुराने सिद्धांतों और मान्यताओं को ही नहीं, संस्कारों तक को भूल गए। आज की युवा पीढ़ी के समक्ष राजेंद्र प्रसाद, जेबी कृपलानी, राममनोहर लोहिया, जेपी, लालबहादुर शास्त्री जैसे लोगों के बजाय हर प्रकार की जाति, पंथ, भाषा के लेकर रची गई संकीर्णता की राजनीति करने वालों के उदाहरण हैं। उनके सामने पांच वर्ष में संपत्ति की पांच सौ गुना वृद्धि करनेवाले जन-नायकों के उदाहरण हैं। किसी भी गांव या कस्बे में लोगों की परंपरागत बैठकी में चले जाइए, वहां चर्चा में कुछ नाम चटखारे लेकर अवश्य सुने जाते हैं। सब जानते हैं कि ऐसे बिरले ही होंगे, जिन्होंने जन-प्रतिनिधि बन कर अपने अधिकारों का उपयोग केवल अपने और अपनों के लिए न किया हो। ऐसा उस देश में हुआ है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम में वे मूल्य, मानक और सिद्धांत अपनाए, जिन्हें सारा परतंत्र विश्व अपने लिए वरदान मानने को तैयार था!

गांधीजी ने 2 जुलाई 1931 को 'यंग इंडिया' में लिखा था: 'मेरी दृष्टि में राजनीतिक सत्ता कोई साध्य नहीं है, पर जीवन के प्रत्येक विभाग में लोगों के लिए अपनी हालत सुधार सकने का एक साधन है। राजनीतिक सत्ता का अर्थ है राष्ट्रीय प्रतिनिधियों द्वारा राष्ट्रीय जीवन का नियमन करने की शक्ति।' यह जानना दिलचस्प होगा कि विभिन्न स्तरों के जन प्रतिनिधि इस व्याख्या को कितना समझते, या समझना चाहते हैं! आपातकाल में देश का स्वतंत्रता के बाद पहला जन आंदोलन जेपी के नेतृत्व में उभरा था, उस समय गांधी के विचारों से प्रभावित अनेक मनीषी भी उससे जुड़े। इसी कारण जनमानस में नई आशाएं और अपेक्षाएं जागृत हुईं, मगर जनता सरकार बनने के तुरंत बाद ही जेपी को उसका विघटन देखना पड़ा। 5 अप्रैल, 2011 को लोकपाल की नियुक्ति को लेकर जो भ्रष्टाचार-विरोधी आंदोलन अण्णा हजारे के नेतृत्व में शुरू हुआ, उसमें उनकी निर्मल छवि के कारण युवाओं में नई आशा जगी। अगर जेपी के राजनीति में आए शिष्यों ने सत्ता में आकर उनके द्वारा प्रतिपादित मूल्यों को भुला दिया, तो अण्णा के अनुयायियों ने स्पष्ट कर दिया कि उनके ऊपर वादे से मुकरने के आरोप भले लगें, सत्ता तो उन्हें हर हाल में चाहिए ही। देश में कुछ गिने-चुने अपवादों को छोड़ कर राजनीति में आए लोग उसकी चकाचौंध, भौतिक वैभव के आकर्षण से बच नहीं सके। लोकतंत्र की सार्वभौमिक परिभाषाएं और विश्लेषण गांधीजी के उस जंतर की याद दिला देते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि कोई भी कार्य करो, यह अवश्य विचार में रखो कि उससे पंक्ति के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के जीवन में कितना सुधार आ सकेगा।

# अपने ईर्द-गिर्द नकारात्मकता की दीवार हमने खुद ही खड़ी कर रखी है

**हम बदल सकते हैं अपनी आदतों को और स्वभाव को, अपनी नकारात्मकता को। चाहे वह आदत शराब की हो या अन्य किसी व्यसन की। झूठ, चोरी, छल-कपट की हो या बुरे आचरण की। बदलाव के लिये गणित का कोई फार्मूला नहीं चाहिए। बड़ी-बड़ी ज्ञान एवं उपदेश से पहले सिर्फ चाहिए यह संकल्प कि मैं बदल सकता हूं। आधी गिलास के खाली होने का ही खयाल रहा तो आधी गिलास भरा होना पूरी तरह से आंखों से ओझल हो जाता है, तब मन शिकायतों से भर जाता है। इसी नकारात्मकता की दीवार को गिराना जरूरी है। अक्सर हम जिन स्थितियों में होते हैं, उसके लिए हम ही जिम्मेदारी होते हैं। हम ही अपने ईर्द-गिर्द नकारात्मक विचारों की दीवार खड़ी करते हैं। वही दीवार आत्मविश्वास के जादुई चिराग तक पहुँचने के सारे रास्ते को बंद कर देती है, आशा को निराशा में, सफलता को असफलता में एवं हर्ष को विषाद में बदल देती है। फ्रैंसी लैरियू स्मिथ ने कहा कि प्रेरणा के पीछे सबसे महत्वपूर्ण बात लक्ष्य तय करना होता है। आपका हमेशा एक लक्ष्य अवश्य होना चाहिए।**

**आज** का इंसान नकारात्मक को ओढ़े नाना प्रकार की समस्याओं से जूझ रहा है, हर इंसान अपनी आदतों को लेकर परेशान है। ऐसा नहीं है कि आज का आदमी समय के साथ चलना न चाहे, बुरे आचरण एवं आदतों को छोड़कर अच्छी जिन्दगी का सपना न देखे, बुराई को बुराई समझने के लिये तैयार न हो। सोचना यह है कि हम गहरे में जमे संस्कारों एवं जड़ हो चुकी आदतों को कैसे दूर करें। जड़ तक कैसे पहुंचें। बिना जड़ के सिर्फ फूल-पत्तों का क्या मूल्य? अच्छा जीवन जीने एवं श्रेष्ठता के मुकाम तक पहुंचने के लिये अच्छी आदतों को स्वयं में सहेजना होगा, बाहरी अवधारणाओं को बदलना होगा, जीने की दिशाओं को मोड़ देना होगा। अंधेरा तभी तक डरावना है जब तक हाथ दीये की बाती तक न पहुंचे। जरूरत सिर्फ उठकर दीये तक पहुंचने की है। विलियम जेम्स ने अपनी पुस्तक 'दि प्रिंसिपल ऑफ साइकोलॉजी' में मनोवैज्ञानिक ढंग से चर्चा करते हुए लिखा है- 'अच्छा जीवन जीने के लिए अच्छी आदतों का बनाना जरूरी है। और अच्छी आदतों के निर्माण के लिए अभ्यास जरूरी है। यदि हम अभ्यास किए बिना ही यह चाहें कि हमारे आदतें बदल जाएं तो ऐसा कभी नहीं होगा। असफलता ही हाथ लगेगी।' उन्होंने अच्छी आदतों के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण सूत्र प्रस्तुत किया है कि अच्छी आदतें डालनी हों तो सबसे पहले अच्छी आदतों का चिन्तन करो, अभ्यास करो और बुरी आदतों को रोको। नकारात्मकता को छोड़ो।

अच्छी आदतें डालने के लिए शरीर को एक विशेष प्रकार का अभ्यास देना जरूरी है। क्योंकि शरीर की विशेष स्थिति का निर्माण किए बिना हमारी आदतें अच्छी नहीं हो सकतीं। स्नायुओं को हमने जो पहले से आदतें दे रखी हैं, उनको यदि हम नहीं बदलते तो वे एक चक्र की भांति चलती रहती हैं। ठीक समय आता है और मिठाई खाने की बात याद आ जाती है, क्योंकि हमने जीभ को एक आदत दे रखी है। ठीक समय आता है और स्नायु उस वस्तु की मांग कर लेते हैं। खाने की सोचने, विचार करने की, कार्य करने की जैसे आदत हम स्नायुओं में डाल देते हैं, वैसी आदत हो जाती है। जो लोग बहुत ऊंचे मकानों में रहते हैं, वे पहली बार जब सीढ़ियों से उतरते हैं तब बहुत सावधानी से उतरते हैं। दूसरी-तीसरी बार उतरते हैं तो सावधानी कम हो जाती है और जब सौवीं बार उतरते हैं तो कोई सावधानी की जरूरत नहीं होती। पैर अपने आप एक-एक सीढ़ी उतरते हुए नीचे आ जाते हैं। चलने के साथ मन को जोड़ने की वहां आवश्यकता नहीं होती। टाइप करने वाले प्रारंभ में अक्षरों को देख-देखकर टाइप करना सीखते हैं। जब वे अभ्यस्त हो जाते हैं, तब उनकी अंगुलियां अभीष्ट अक्षरों पर पड़ती हैं और जैसा चाहा वैसा टाइप हो जाता है। फिर 'की बोर्ड' को देखने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि अंगुलियां अभ्यस्त हो चुकी हैं। नकारात्मकता की कुछ ईंटों पर लिखा है, 'तुम्हें भला क्या मालूम है ?' उन ईंटों पर लिखे इस वाक्य को मिटाकर आप लिख दो 'मुझे काफी कुछ मालूम है।' यही



आत्म विश्वास और इच्छाशक्ति जरूरी है। डॉ. राबर्ट ने कहा कि उन सभी कारणों को भूल जाएं कि कोई कार्य नहीं होगा। आपको केवल एक अच्छा कारण खोजना है कि यह कार्य सफल होगा। मान लो, आप एक गायक बनाना चाहते हो। गायक बनने के लिए सिर्फ इतना ही जरूरी नहीं है कि आप अपनी आलोचना से न घबराओ। उसके लिए यह भी जरूरी है कि आपको गाना भी आता हो। यहीं पर प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है। जीवन ही हर घटना ऐसे ही प्रशिक्षण से सकारात्मक बनती है। इसी सन्दर्भ में डेनिस वेटले ने कहा कि यदि आप यह मानते हैं कि आप कर सकते हैं, तो संभवतः आप कर सकते हैं। यदि यह सोचते हैं कि आप नहीं कर सकते, तो आप सुनिश्चित रूप से नहीं कर सकते। विश्वास वह स्विच है जो आपको आगे बढ़ाता है। हर व्यक्ति समस्याग्रस्त है। अभाव सबको महसूस होता है तो यह भीतर की समस्या है। इसे खरबपति बन कर नहीं सुलझाया जा सकता, क्योंकि तृष्णा प्रबल है और कितना भी मिल जाए संतोष नहीं होगा। संतोष की चेतना जाग जाए तो पास में कुछ भी नहीं होने पर भी आप स्वयं को कुबेरपति अनुभव करेंगे। यह स्थिति आदमी को हर क्षण बेचैन किए रहती है। जीवन में संतुलन जरूरी है। कभी भी अपने आपको कमजोर नहीं मानना चाहिए। पोप लेव ने कहा है कि न तो कोई इतना धनाढ्य है कि उसे दूसरे की सहायता की आवश्यकता न हो और न ही कोई इतना दरिद्र है कि किसी भी रूप में अपने साथियों के लिये उपयोगी सिद्ध न हो सके। एक मनीषी ने लिखा है ''यह शरीर नौका है। यह डूबने भी लगता है और तैरने भी लगता है। क्योंकि हमारे कर्म सभी तरह के होने से यह स्थिति बनती है। इसीलिये बार-बार अच्छे कर्म करने की प्रेरणा दी जाती है। लेकिन ऐसा हो नहीं पाता है। हमें यह समझ लेना चाहिए कि जिस प्रकार एक डाल पर बैठा व्यक्ति उसी डाल को काटता है तो उसका नीचे गिर जाना अवश्यम्भावी है, उसी प्रकार गलत काम करने वाला व्यक्ति अन्ततोगत्वा गलत फल पाता है। कर्म की ही भांति मनुष्य की सोच और विचार भी उन्नत होने चाहिए। स्वामी विवेकानन्द का मार्मिक कथन है कि हम वही है, जो हमारे विचार हमें बनाते हैं, इसलिये आप क्या सोच रहे है, उसका खास ख्याल रखिये।

## व्यापार समाचार

# कमजोर मांग से बीते सप्ताह खाद्य तेलों के भाव टूटे

नई दिल्ली।

मांग कमजोर होने के कारण बीते सप्ताह दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में सरसों, सोयाबीन, मूंगफली सहित अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई, जबकि सबसे सस्ता होने की वजह से वैश्विक मांग के चलते कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल कीमतों में मजबूती दिखाई दी। देश में 'कोटा प्रणाली' लागू होने की वजह से बाकी आयात प्रभावित होने से कम आपूर्ति की स्थिति पैदा होने के कारण सोयाबीन तेल (दिल्ली) के भाव में सुधार आया। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि लगभग छह माह पूर्व जिस सूरजमुखी तेल का भाव कांडला बंदरगाह पर 2,500 डॉलर प्रति टन था वह विदेशों से आपूर्ति में सुधार होने के कारण अब घटकर 1,360 डॉलर प्रति टन रह गया है।



सोयाबीन तेल से जिस सूरजमुखी तेल का भाव 350 डॉलर ऊंचा था वह अब सोयाबीन तेल के दाम के मुकाबले 100 डॉलर नीचे हो गया है। यानी जिस सूरजमुखी तेल का भाव लगभग 200 रुपये किलो हुआ करता था वह 88 रुपये घटकर अब 112 रुपये किलो रह गया है। इस बीच, सरकार ने सूरजमुखी का उत्पादन बढ़ाने के लिए इसके न्यूनतम समर्थन मूल्य को 5,400 रुपये क्विंटल से बढ़ाकर 5,800 रुपये क्विंटल कर दिया है लेकिन कोटा व्यवस्था के तहत आयातित सूरजमुखी तेल के कम भाव (112 रुपये किलो) के मुकाबले देश में सूरजमुखी उत्पादक किसानों को सूरजमुखी तेल निकालने की लागत लगभग 40 रुपये किलो अधिक बैठेगी। इस आयातित सस्ते सूरजमुखी तेल के सामने स्थानीय किसानों के 152 रुपये का भाव कैसे प्रतिस्पर्धा करेगा? कोई भी किसान इस जोखिम को लेने से कतरा सकता है। सूत्रों ने कहा कि देश में किसान सोयाबीन की बुवाई करने में इसलिए भी दिलचस्पी लेते हैं क्योंकि इससे खाद्य तेल के अलावा भी करीब 82 प्रतिशत डी-आयल्ड केक (डीओसी) निकलता है जिसका मुर्गीदाना और पशु आहार के रूप में प्रयोग होता है। किसान स्थानीय बिक्री के साथ-साथ डीओसी के निर्यात से अतिरिक्त लाभ भी कमाते हैं। सूत्रों ने कहा कि अगले महीने महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, हरियाणा और पंजाब सहित कुछ राज्यों में सूरजमुखी की बिजाई होनी है। गौरतलब है कि पहले सूरजमुखी का इतना उत्पादन था कि हमें थोड़ी बहुत मात्रा में ही इस तेल का आयात करना होता था। देश में सूरजमुखी तेल का घरेलू उत्पादन 1-2 लाख टन के बीच होता है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के बीच सूरजमुखी तेल का भाव सोयाबीन से नीचे होना चाहिये था लेकिन कम आपूर्ति की स्थिति को देखते हुए थोक बाजार में सूरजमुखी तेल 155-160 रुपये और खुदरा में लगभग 180 रुपये किलो बिक रहा है। कीमत टूटने के बावजूद कम आपूर्ति की स्थिति का फायदा उठाते हुए विक्रेता उपभोक्ताओं से प्रीमियम राशि वसूल कर रहे हैं। देश के प्रमुख तेल संगठनों को इस स्थिति के बारे में भी सरकार को बताना चाहिये। उन्हें बताना चाहिये कि शुल्कमुक्त आयात के कोटा प्रणाली के कारण देश में 'शार्ट सप्लाई' की स्थिति बनी है और सरकार को कोटा प्रणाली को तत्काल खत्म करने के बारे में आगाह करना चाहिये और पहले की तरह इस तेल पर अधिकतम आयात शुल्क लगाने के बारे में सोचना चाहिये। सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में मुर्गीदाने और मवेशी चारे के लिए सूरजमुखी के डीओसी और इसके खल का चलन है। सूरजमुखी का उत्पादन नहीं बढ़ा तो इन राज्यों को डीओसी और खल की आपूर्ति कहां से होगी? देश में तिलहन उत्पादन तभी बढ़ सकता है जब किसानों को अपने उपज के अच्छे दाम मिलें।

## बजट 2023-24 : फिमी की बॉक्साइट पर निर्यात शुल्क वापस लेने की मांग

**नई दिल्ली।** खनन कंपनियों के निकाय भारतीय खनिज उद्योग महासंघ ने बॉक्साइट पर निर्यात शुल्क वापस लेने की मांग की है। फिमी ने कहा है कि इस कदम से निचले ग्रेड के खनिज संसाधन का महत्तम इस्तेमाल किया जा सकेगा और बंद बॉक्साइट खदानों को फिर से खोला जा सकेगा। साथ ही इससे रोजगार के अवसर सृजित होंगे और विदेशी मुद्रा अर्जित होगी। बॉक्साइट एल्युमीनियम का प्रमुख अयस्क है, इसलिए यह एल्युमीनियम उत्पादकों के लिए आवश्यक कच्चा माल है। फिमी ने वित्त मंत्रालय से अपने बजट-पूर्व प्रस्तावों में कहा, ''बॉक्साइट पर 15 प्रतिशत का निर्यात शुल्क भारतीय गैर-धातुकर्म बॉक्साइट उत्पादकों और निर्यातकों को काफी नुकसान पहुंचा रहा है। इसलिए बॉक्साइट से निर्यात शुल्क को पूरी तरह से वापस लिया जाना चाहिए।'' भारत बॉक्साइट के मामले में न केवल आत्मनिर्भर है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय बॉक्साइट बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने की क्षमता रखता है। घरेलू एल्युमिना और एल्युमीनियम उत्पादकों की अपनी खुद की खानें हैं या वे देश के पूर्वी और मध्य हिस्सों में स्थित खानों से अपनी आवश्यकता को पूरा करते हैं।

## पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना चिंता की बात भविष्य के करदाताओं पर पड़ेगा बोझ : बेरी

नई दिल्ली।

नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कुछ राज्यों द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को पुनः शुरू करने पर रविवार को चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इससे ऐसे समय में भविष्य के करदाताओं पर बोझ पड़ेगा जब भारत को राजकोषीय स्थिति को बेहतर करने पर ध्यान केंद्रित करने और सतत विकास को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। बेरी ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में पूंजीगत व्यय को बढ़ाने और राजकोषीय मजबूती के माध्यम से निजी क्षेत्र के लिए गुंजाइश बनाने की जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''पुरानी पेंशन योजना के फिर शुरू होने को लेकर मुझे थोड़ी चिंता है। मेरे खयाल से यह चिंता का विषय है क्योंकि इसका भार मौजूदा करदाताओं पर नहीं बल्कि भावी करदाताओं और नागरिकों पर पड़ेगा।''

ओपीएस के तहत पेंशन की पूरी राशि सरकार देती थी, इस योजना को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने एक अप्रैल, 2004 से बंद कर दिया था। नई पेंशन योजना के तहत कर्मचारी अपने मूल वेतन का दस प्रतिशत हिस्सा पेंशन के लिए देते हैं जबकि राज्य सरकार इसमें 14 प्रतिशत का योगदान देती है। बेरी ने कहा, ''राजनीतिक दलों को अनुशासन का पालन करना चाहिए क्योंकि हम सभी भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि के साझा लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं ताकि भारत एक विकसित अर्थव्यवस्था बन सके। दीर्घकालिक लक्ष्यों के लिए अल्पकालिक लक्ष्यों को संतुलित करना आवश्यक है।'' कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान और छत्तीसगढ़ ने ओपीएस के क्रियान्वयन का निर्णय पहले ही ले लिया है जबकि भाजपा शासित हिमाचल प्रदेश ने वादा किया है कि सत्ता में आने पर वह इस योजना को बहाल करेगी। झारखंड ने ओपीएस शुरू करने का फैसला किया और आम आदमी पार्टी शासित पंजाब ने भी इस योजना के पुनः क्रियान्वयन को हाल में मंजूरी दी।

## भारत के सामने घरेलू, वैश्विक जरूरतों के लिए इस्पात बनाने का बड़ा अवसर : नरेंद्रन

नई दिल्ली।

टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टी वी नरेंद्रन ने इस्पात पर निर्यात शुल्क हटाने के सरकार के कदम का स्वागत किया है।

उन्होंने कहा कि भारत के पास घरेलू खपत के साथ ही वैश्विक जरूरतों को पूरा करने का एक बड़ा अवसर है। नरेंद्रन ने कहा, ''महंगाई की स्थिति से निपटने के लिए सरकार द्वारा इस्पात उत्पादों और लौह अयस्क पर निर्यात शुल्क वापस लेने के फैसले का हम स्वागत करते हैं।''

उन्होंने कहा कि भारत लौह अयस्क से समृद्ध है और इस वजह से देश के पास घरेलू और वैश्विक जरूरतों के लिए इस्पात बनाने का एक बड़ा अवसर है। नरेंद्रन ने कहा कि चीन, जापान और दक्षिण कोरिया सालाना लगभग 15 करोड़ टन इस्पात का निर्यात करते हैं। इसके लिए बड़ी मात्रा में लौह अयस्क का आयात किया जाता है।






## आज का राशिफल

### मेष
व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। आप का प्रत्येक काम सफल होने के साथ-साथ पूरा भी होगा। माता से किसी तरह का लाभ मिल सकता है। मान-सम्मान प्राप्त होगा। गृहस्थ जीवन आनंदपूर्ण रहेगा।

### वृषभ
आप के लिए आज भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक प्रवास होने की संभावना है। धन लाभ की भी संभावना है।

### मिथुन
आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। सुबह मन खुश रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। अधिक खर्च होने से धन की तंगी रहेगी। सरकारी कामों में विघ्न आएंगे।

### कर्क
आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है। दोपहर के बाद आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता रहेगी।

### सिंह
परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। व्यापार में भागीदार की ओर से आर्थिक लाभ होगा।

### कन्या
आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा। दोपहर के बाद कोई काम नहीं बनने से आप चिड़चिड़े रहेंगे।

### तुला
आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। आलस्य का वातावरण छाया रहेगा। विवाद में मानहानि हो सकती है, ध्यान रखें।

### वृश्चिक
आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी। नए वस्त्र और आभूषण के पीछे धन खर्च होगा। किसी यात्रा पर जा सकते हैं।

### धनु
आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। फिर भी शारीरिक और मानसिक रूप से सुख-शांति रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। दोपहर के बाद आप के मन की स्थिति दुविधापूर्ण रहेगी।

### मकर
परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। व्यापार और नौकरी में आज संभलकर रहें।

### कुंभ
आज सुबह आपका मन क्रोधित रहेगा। शारीरिक रूप से अस्वस्थ और मानसिक रूप से चिंता का अनुभव होगा। व्यर्थ धन खर्च होगा। दोपहर के बाद किसी प्रिय मित्र से मुलाकात हो सकती है। आर्थिक लाभ भी होगा।

### मीन
आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। नौकरी या व्यापार में उलझन दूर करने के लिए बड़ों की मदद लग सकती है। संबंधियों के साथ मनमुटाव के प्रसंग बनेंगे।

# कुचामन में खेल स्टेडियम बनाया जायेगा, सरकार की खेलों के प्रति सकारात्मक सोच : महेन्द्र चौधरी

## एलबीएस स्कूल में राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** 66वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता–2022 विद्यालयी रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता छात्र–छात्रा 17 वर्ष 19 वर्ष आयु वर्ग का शुभारंभ महेंद्र चौधरी उप मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि महेंद्र चौधरी तथा अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी नागौर ने की। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रात: 9:30 मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में महेंद्र चौधरी द्वारा अभिमुख प्रयाण किया गया, जिसकी सलामी महेंद्र चौधरी द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र चौधरी द्वारा कार्यक्रम व प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा की गई।

प्रतियोगिता खिलाड़ियों द्वारा शपथ ली गई। मुख्य अतिथि महेंद्र चौधरी ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों से हार मिलने पर निराश ने होकर पुन: जीत के लिए प्रयास करने पर बल दिया। जीतने का संकल्प लेने की बात कही। राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों पर जो लोगो ने भरोसा जताया और खेल भावना का परिचय दिया वो वास्तव में अपने आप में जशन जैसा माहौल रहा। उन्होंने कहा कि कुचामन में बड़ा खेल स्टेडियम बनाया जायेगा। सरकार द्वारा खेलों की सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गहलोत सरकार द्वारा जो आम जनता के कल्याणकारी योजना चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी बताया गया। लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में चल रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रग्बी फुटबॉल खेल प्रतियोगिता की स्मारिका का विमोचन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। सभी खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी।

**खेल को खेल की भावना से खेलने हेतु किया प्रेरित :** जिला शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रसिंह ने अपने उद्बोधन में निर्णय कौन से निष्पक्ष एवं सही निर्णय करने का आग्रह किया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय ने प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने हेतु प्रेरित किया मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम में प्रतियोगिता संयुक्त सचिव एवं प्रधानाचार्य लाल बहादुर शास्त्री स्कूल के सीएम पवार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। एलबीएस एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक रामदेव खीचड़ ने सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया। निदेशालय द्वारा नियुक्त खेल प्रभारी मुख्य निर्णायक रविंद्र सिंह ने खेल के बारे में जानकारी दी तथा प्रतियोगिता के नियमों के बारे में भी बताया।

**ये प्रबुद्धजन रहे मौजूद :** समारोह में जिला अधिकारी नागौर रामनिवास जांगिड़, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिनेश सिंह चौधरी, गोपाल डोडवाडिया अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रहलाद बाज्या, जगदीशराम इनानियां जिला अध्यक्ष शारीरिक शिक्षा संघ, सभापति आसिफ खान, उपसभापति हेमराज चावला, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुतेंद्र सारस्वत, शेरखान, खेमाराम रणवां, राजाराम प्रजापति, भूराराम शेषमां, शिवजी राम चौधरी पूर्व संयुक्त निदेशक, शा. शि. रामस्वरूप, डॉ. ईश्वर राम बेड़ा, प्रद्युमन शर्मा, धनेश कुमार शर्मा, गोविंद राम शेषमा, कर्नल नंद किशोर ढाका, हरदेवाराम अण्दा, प्रभुराम अण्दा, रामेश्वर लाल खाचरिया, राजेंद्र मुवाल, चेनाराम, अर्जुन राम, प्रताप सिंह, सत्य प्रकाश शर्मा, शुशील कुमार जांगिड़, आनद राम, तंवर सिंह, संजय शर्मा छीतरमल पंवार, मधुसूदन, रुपाराम सरवर खान देबुराम टांडी, सोहन राम जड़वता, दिनेश लाडना सभी अधिकारी, शिक्षक व कार्मिक उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रताप सिंह एवं सत्य प्रकाश शर्मा ने किया।

# संकल्प, धैर्य व अनुशासन की अनूपम मिशाल है एनसीसी

## मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया 74वां एनसीसी दिवस



### कैडेट्स चंदा कंवर व गायत्री शर्मा को मिली सार्जेन्ट रैंक

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में संचालित श्री राज महिला एनसीसी बटालियन की और से एनसीसी दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया गया। चौहत्तरवें एनसीसी दिवस के उपलक्ष में महाविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय निदेशक सुल्तान सिंह थालौड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां तथा प्राचार्य डॉ. एस आर कुमावत ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत रूप से किया।

महाविद्यालय एनसीसी एएनओ कांता विश्नोई ने बताया कि महाविद्यालय में संचालित श्री राज महिला एनसीसी बटालियन की छात्राओं ने एनसीसी दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्राओं की और से प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक गायन व कविताओं की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस अवसर पर गायत्री शर्मा द्वारा प्रस्तुत मैं भारत का जवान हूँ तथा संजू रुलानियाँ द्वारा प्रस्तुत कैसे निकला होगा दम कविताओं ने सभागार में उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कैडेट्स चंदा कंवर, बबली, ललिता स्वामी, दीपिका राठौड़ तथा अनुष्का ने देशभक्ति गायनों की प्रस्तुति दी, वहीं खुशबू भाटी की देशभक्ति प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। कैडेट भूमिका शेखावत ने एनसीसी एटीसी कैम्प युक्त जानकारी से कैडेट्स का सेवा कार्यों के लिए उत्साहवर्धन किया।

**राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं एनसीसी कैडेट्स : थालौड़**

ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए निदेशक सुल्तान सिंह थालौड़ ने महाविद्यालय की एनसीसी दल के द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि एनसीसी दल भारतीय सेना के एक विशिष्ट अंग होने के साथ एनसीसी कैडेट्स हमेशा राष्ट्र सेवा के लिए तत्पर रहते है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कुमावत ने एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी दिवस की महत्ता बताते हुए बताया कि एनसीसी संकल्प, धैर्य व अनुशासन की अनूपम मिशाल है। इस अवसर पर महाविद्यालय के पदाधिकारियों ने सीनियर डिवीजन की कैडेट्स चंदा कंवर तथा गायत्री शर्मा को सार्जेन्ट रैंक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सीनियर एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय के उपस्थित जुनियर एनसीसी दल को स्वच्छ भारत मिशन से अवगत करवाते हुए स्वच्छता के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां ने अपने धन्यवाद उद्बोधन में कैडेट्स को एनसीसी के माध्यम से सेना भर्ती में अपने भविष्य को संवारने की सीख दी।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में संदीप देवना, मुकेश भाटी, डॉ जितेंद्र चौबदार, ईश्वरराम बुगालिया, सुरेश कुमार मिश्रा, सुखाराम चौधरी, दानाराम भींचर, जगदीश प्रसाद बिश्नोई, बलवीर लोछब, कमलेश कुमार जाट, मनीष मेघवंशी, दिव्या सिंह, नितेश शर्मा, मोनिका शर्मा, छोटूराम, निकिता, शिवानी, पवन कुमार शर्मा तथा शंकरलाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# विनीत जाँगिड़ होंगे छात्र प्रदर्शनी के पुरस्कार से सम्मानित

## प्रदेश के 10 कलाकार भी होंगे सम्मानित

धनेश कुमार



**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान ललित कला अकादमी की 42वीं छात्रकला प्रदर्शनी के परिणाम शनिवार को घोषित किए गए। अकादमी अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास ने बताया कि प्रदर्शनी के लिए निर्णायक मंडल ने 103 पेंटिंग्स और 9 स्कल्प्चर सलेक्ट, 10 स्टूडेंट्स की कलाकृतियों को पुरस्कार योग्य चुना। इनमें लादड़िया निवासी विनीत जांगिड़ (सृष्टि चक्र) कलाकृतियां में इसका चयन हुआ। विनीत जाँगिड़ नें बताया कि वो अपने गुरू कृष्ण कुंडारामार्गदर्शन में तैयारी की थी, जिससे वो आज इस मुकाम पर पहुँचा है। छात्र विनीत जांगिड़ ने बताया कि इस प्रदर्शनी के लिए राज्यभर से 232 छात्र– छात्राओं की कुल 605 कलाकृतियां प्राप्त हुई थीं, जिनमें से निर्णायक मण्डल ने प्रदर्शनी के लिए 103 चित्र व 9 मूर्तिशिल्पों का चयन किया। इनमें पुरस्कृत कृतियां सम्मिलित हैं, प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर पुरस्कृत छात्र–छात्राओं को दस–दस हजार रुपए के नकद पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएंगे। इस मौके पर निर्णायक मण्डल के सदस्यों में विश्वनाथ डी सांवले मुम्बई, महेन्द्र प्रताप शर्मा, श्रीगंगानगर एवं श्रीकृष्ण महर्षि जयपुर शामिल थे।

# सड़क किनारे घनी झाड़ियों से रहता है दुर्घटना का अंदेशा



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन से चांदपुरा पंचायत की ओर जाने वाला रास्ता इन दिनों वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक हो रहा है। कारण यही है कि रोड़ की दोनो साइड में उगी हुई झाड़ियां जिनके नुकीले कांटो से राहगीर घायल हो रहे हैं, साथ ही मोड पर सामने से आ रहे वाहन व जानवर भी दिखाई नहीं देते जिसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि कुचामन नगर परिषद क्षेत्र में जोड़पुरा–चांदपुरा सड़क की पटरियों पर बड़ी–बड़ी झाड़ियां उगी हुई है जो बेहद बढ़ चुकी है। सड़क तक फैल गई है ऐसे में दुर्लभ वन्य जीव से दुर्घटना की संभावना रहती है। भगतसिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने सड़क मार्ग का जायजा लिया तो उन्होंने बताया कि कुचामन से चांदपुरा पंचायत की ओर जाने वाला सड़क मार्ग पर नगर परिषद क्षेत्र में सड़क किनारे विलायती बबूल की घनी झाड़ियां उगी हुई है जो आने जाने वालों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। उन्होंने कहा कि झाड़ियों से लोग जख्मी भी हो जाते हैं। वाहन चलाने वाले दुर्घटना को लेकर संशकित रहते हैं पैदल राहगीरों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। घनी झाड़ियां लोगों के लिए मुसीबत बन चुकी है। कई महीनों से सड़क किनारे झाड़ियों को कटवाया नहीं गया है जो विस्तृत रूप से फैल चुकी है। अगर इन झाड़ियों को साफ नहीं करवाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है समस्या गंभीर होने के बावजूद इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है संबंधित विभाग को झाड़ियों हटवानी चाहिए।

# कालवी जयंती को लेकर किया जनसंपर्क

जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को प्रधान जसवंत सिंह थाटा ने 4 दिसंबर को उपखंड मुख्यालय पर आयोजित होने वाली कालवी जयंती को लेकर हरसौर, लुनियास आदि गांवों का दौरा कर बैठक ली। बैठक में पोस्टर विमोचन करते हुए कालवी की जीवनी के बारें में जानकारी दी गई। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों के भाग लेने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर सरपंच रघुवीर सिंह गुढ़ा, रविन्द्र सिंह बनवाड़ा, कुलदीप सिंह गोल, दुर्गासिंह राठौड़, नरेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, चेतन सिंह राठौड़, मानसिंह जोधा, हुकमसिंह सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे।

# बरगद गार्डन में किया श्रमदान

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम खारिया–हिराणी में स्थित बरगद गार्डन में मिशन बरगद टीम द्वारा रविवार को श्रमदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लगभग 200 बरगद के पौधों के बोरियां लगाई गई ताकि सर्दी से बचाया जा सके। टीम के कुछ सदस्यों ने टैंकर से बरगद के पौधों को पानी पिलाया। टीम के सदस्यों ने सुबह 8ः00 बजे से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक श्रमदान किया। श्रमदान शिविर में टीम के सदस्य नेताराम, नेमाराम, पीरुराम, टीकम चंद, कन्हैया लाल कुमावत संचालक कुचा–ए–अमन स्कूल, अतुल शर्मा सहायक लेखाधिकारी सीबीईओ कार्यालय मौलासर, गोविंद पारीक सेवानिवृत्त इंडियन नेवी, बाबूलाल, दौलत, पंकज, मुकेश, रामनिवास, अशोक, शिवप्रकाश, बजरंग, कानाराम, राहुल, दर्शन आदि ने मेहनत करके शिविर को सफल बनाया। शिविर के संयोजक टीकम चंद कुमावत ने बताया की सभी पौधों को पेड़ बनाने के लिए टीम के सदस्य अपना निजी काम छोड़कर लगातार कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# कुचामन की सारिका चौधरी ने राहुल व प्रियंका गांधी के साथ भारत जोड़ो यात्रा में मिलाए कदम से कदम

## राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं





### अभी यात्रा मध्य प्रदेश में, 14 दिन बाद होगा राजस्थान में प्रवेश

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** सारिका चौधरी उपाध्यक्ष राजस्थान महिला कांग्रेस ने मध्यप्रदेश के बड़वाह में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ कदम से क़दम मिलाकर यात्रा में पैदल मार्च किया। राहुल गांधी कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं जो फ़िलहाल मध्यप्रदेश में चल रही है। क़रीब 14 दिनों तक यात्रा मध्यप्रदेश में चलेगी। इसके बाद यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी। सारिका चौधरी ने बताया कि नफ़रत के खिलाफ मंहगाई के विरोध में बेरोज़गारों के समर्थन में यह यात्रा राहुल गांधी के द्वारा की जा रही है।

यात्रा में लोगों का अपार जन समूह समर्थन में आ रहा है। सुबह सवेरे सर्दी के मौसम में हज़ारों लोग सड़कों पर आ कर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का समर्थन कर रहे है। सारिका चौधरी ने बताया कि पैदल चलने के दौरान राहुल गांधी ने राजस्थान के साथ–साथ कई मुद्दो पर बात की। राहुल गांधी ने यात्रा के अनुभवों के बारे में भी पूछा और खुशी ज़ाहिर की कि महिलाएँ और युवा विशेष रूप से बहुत जोश के साथ यात्रा में भाग ले रहे है।

# पारीक समाज महिला मंडल में अलका जोशी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सुनीता व मोनिका बनी महामंत्री



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की ब्रह्मपुरी में स्थित पारीक भवन में रविवार को पारीक महिला मंडल के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। इस दौरान समाज की महिलाओं द्वारा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, मंत्री व कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। पारीक समाज महिला मंडल अध्यक्ष द्वारा महिलाओं को नई दिशा, उन्नति के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। इसके बाद पारीक महिला मंडल की अध्यक्ष अलका जोशी, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता जोशी, सचिव श्रीमती सम्पत पारीक, कोषाध्यक्ष पद के लिए श्रीमती पुष्पा पारीक व मंत्री पद के लिए श्रीमती मोनिका पारीक का माला पहनाकर सम्मान किया गया।

**ये शामिल हुई कार्यकारिणी में :** कार्यकारिणी के रूप में सुषमा पारीक, मंजू पारीक, प्रियंका पारीक, प्रभा पारीक, सुश्री हर्षिता पारीक, हेमलता पारीक, चित्रा पारीक, रेखा पारीक, रितु पारीक, नेहा पारीक, संजू पारीक, रेखा पारीक को चुना गया। इस मौके पर पारीक समाज के अध्यक्ष चम्पालाल पारीक ने सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं की जिम्मेदारी तब और बढ़ जाती है।

जब समाज में वैवाहिक संबंधों में दूरियां बढ़ रही हो, रिश्ते टूट रहे हो, ऐसे में समाज की अग्रणी महिलाओं की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह बिखरते परिवारों को बचाने में जुट जाएं, इसके लिए बच्चों को भी शिक्षित करना जरूरी है। समाज का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर पारीक समाज के अध्यक्ष चम्पालाल पारीक, कुँजबिहारी जोशी, हेमन्त पारीक, सुरेश तिवाड़ी आदि थे।

# विधायक आज करेंगे हॉल का लोकार्पण

जुगल किशोर दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार प्रात: 10.15 बजे ग्राम जावला के नीलकण्ठ महादेव मंदिर में नवनिर्मित हॉल का लोकार्पण विधायक रामनिवास गावड़िया करेंगे। सरपंच ओमप्रकाश नैण ने बताया कि समाजसेवी माधवराम नैण द्वारा निर्मित हॉल के लोकार्पण समारोह में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

# ईनावा में मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा (नागौर डेली न्यूज)।** मुण्डवा के निकटवर्ती ईनावा गांव में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया गया। इस दौरान ईनाणियाँ मिल्क चिल्लिंग सेंटर पर भारत में दुग्ध कान्ति लाने वाले व अमूल पैटन लाने वाले वी. कुरियन का जन्म दिवस मनाया गया। संस्था के एमडी सहदेव ईनाणियाँ ने बताया कि भारत में दुग्ध क्रांति के कारण आज भारत में करोड़ों किसान दुग्ध व्यवसाय से अपना जीवन यापन कर उन्नति कर रहे हैं।

# 52 रोगियों ने हड्डी रोग शिविर में लिया लाभ



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महावीर इंटरनेशनल कुचामनसिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमालादेवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से अरिहन्त हेल्थ केयर सेन्टर कुचामनसिटी में रविवार को नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित हुआ। इसमें राजस्थान के विख्यात हड्डी रोग विशेषज्ञ, जॉइन्ट एवं घुटना रिपलेस्मेंट लिगामेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन, राजस्थान हॉस्पिटल जयपुर द्वारा 52 रोगियों की नि:शुल्क जाँच कर उचित परामर्श दिया गया। शिविर संयोजक सम्पत बगडिया व तेजपाल बड़जात्या ने बताया कि शिविर में 22 रोगियों की एक्सरे व 25 रोगियों की खून की जाँच नि:शुल्क की गई। शिविर प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को नियमित आयोजन किया जायेगा। संस्था सचिव रामअवतार गोयल ने बताया कि सुभाष पहाड़िया, कैलाश पाण्ड्या, अशोक अजमेरा, नन्दकिशोर–विजय कौर बिडसर, सुरेशकुमार गंगवाल, नरेश झांझरी, महेश लड्ढा, बोदुलाल कुमावत, चन्द शिविर के सहयोगी रहे। विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नटवरलाल वक्ता, जैन समाज के सौभागमल गंगवाल, राजकुमार जैन, मनोनित पार्षद भंवरअली खान, पूर्व पार्षद युसूफ लीलगर ने शिविर का अवलोकन कर संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरी–भूरी प्रशंसा की।

# छात्रों ने किया भौगोलिक एवं शैक्षिक भ्रमण



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) कुकनवाली के कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों ने अजमेर जिले का भौगोलिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य गोविंद लाल मंडावरिया ने बताया कि इस भ्रमण में छात्रों ने पुष्कर, प्रताप स्मारक, सेवन वंडर्स, अन्ना सागर झील, नारेली जैन तीर्थ स्थान आदि स्थानों का भौगोलिक भ्रमण किया तथा विद्यार्थियों को भूगोल व इतिहास की जानकारी करवाई। इस भ्रमण में कुल 61 विद्यार्थियों ने भाग लिया प्रभारी के रूप में गणपत राम व्याख्याता (भूगोल) व सह प्रभारी के रूप में नेतुराम व्याख्याता (इतिहास) तथा प्रभारी अधिकारी ओंकारमल दूधवाल व्याख्याता(हिंदी) थे। श्रीमती भगवानी देवी, श्रीमती सरोज कुमारी, मदन जाखड़, संतु कुमार भंवरसिंह आदि स्टॉफ सदस्य भी इस भ्रमण में साथ थे।

# फेसबुक व इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर एक दंपती को अवांछित मैसेज भेजने का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सद्दाम रंगरेज



**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाने के एक प्रकरण में लंबे अनुसंधान के बाद एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक लंबे समय से यहां नागौर के एक दंपती की फेसबुक व इंस्टाग्राम की फर्जी आईडी बनाकर अवांछित कॉल व मैसेज कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजने के आादेश दिए। कोतवाली थानाधिकारी हनुमान सिंह चौधरी ने बताया कि ताऊसर रोड पर लक्ष्मीनगर निवासी शंकरलाल पुत्र हरसुखराम जाट ने 6 अगस्त 2022 को एक रिपोर्ट पेश कर अवगत कराया कि उनकी पत्नी के नाम से किसी ने फर्जी फेसबुक आईडी बनाई है और कोई अज्ञात व्यक्ति आए दिन अवांछित कॉल कर रहा है और मैसेज भेज रहा है। अज्ञात आरोपी ने शंकरलाल की इंस्टाग्राम आईडी भी फर्जी तरीके से बना ली और एक ही नंबर से भिन्न भिन्न नाम से सूचनाएं डाली जा रही है। मामला दर्ज होते ही एसपी राममूर्ति जोशी के निर्देश पर एएसपी राजेश मीणा व डिप्टी विनोद कुमार सीपा के निकटतम सुपरविजन में कोतवाली थानाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर अनुसंधान किया गया। लंबी जांच के बाद पुलिस ने नागौर शहर के हाथी चौक निवासी निलेश बंग (22) पुत्र शंकरलाल माहेश्वरी को गिरफ्तार कर उसका मोबाइल जब्त किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायिक आदेश के तहत उसे जेल भेज दिया गया।

# देवासी समाज सुधार व कल्याण संस्थान का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

## केंद्रीय भेड़ व ऊन विभाग राज्यमंत्री गोवर्धन राम राइका अथिति के रूप में रहे मौजूद

### समाज की प्रतिभाओं को किया गया सम्मानित

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी में देवासी समाज सुधार एवं कल्याण संस्थान मेड़तासिटी का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिक सभा का आयोजन रविवार को हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय भेड़ विभाग राज्य मंत्री गोवर्धन राम राइका, देवासी समाज राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव देवासी एवं युवा अध्यक्ष तेजपाल चंडावल मौजूद रहे। इस मौके पर समाज की मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।

इसके साथ ही उनका हौंसलावर्धन किया गया। देवासी समाज सुधार कल्याण एवं संस्थान मेड़तासिटी के अध्यक्ष सवाई राम ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद केंद्रीय भेड़ एवं ऊन विभाग राज्यमंत्री गोवर्धन राम राइका ने कहा कि किसी भी समाज का तब तक विकास नहीं हो जाता जब तक उसमें शिक्षा का प्रतिशत नहीं बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि समाज की युवा पीढ़ी ज्यादा से ज्यादा शिक्षित होकर समाज में देश का नाम रोशन करें इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता को बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई इसके साथ ही संस्थान के द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष गुमाना राम, छात्रावास निर्माण समिति के अध्यक्ष मालाराम, गणपत राम, नाथू सिंह देवासी, गुलाब जय राम, रूपाराम, दलपत, मालाराम, दिनेश नाथूराम बिंदास, गंगाराम बासनी, जगदीश छत्तर, ओम धनापा, रामकरण बगड़, प्रह्लादराम व अर्जुनराम मौजूद रहे।

# मांझी में रामपाल महाराज की एक दिवसीय विशाल सत्संग सम्पन्न



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** रविवार को ग्राम मांझी में प्रोजेक्टर के माध्यम से संत रामपाल महाराज का एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम हुआ। सेवादार पप्पूदास ने बताया कि चेतनदास के निवास स्थान मांझी में एक दिवसीय विशाल सत्संग तथा नि:शुल्क नामदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें संत रामपाल महाराज ने सभी धर्मों के सभी पवित्र शास्त्रों में वर्णित पूर्ण ब्रह्म कबीर साहेब की अद्भुत रहस्यमयी जानकारी बताते हुए समझाया कि सत्संग रूपी सरोवर में स्नान करने से हमारा अन्तकरण निर्मल होता है तथा मनुष्य जीवन के मूल उद्देश्य की जानकारी होती है, जिससे मनुष्य भक्ति मार्ग पर अग्रसर होता है। सत्संग से ही परमात्मा को पाने का मार्ग मिलता है। अत: प्रत्येक मनुष्य को पूर्ण संत के सत्संग अवश्य सुनने चाहिए। आध्यात्मिक धर्म सभा में कई लोगो ने नि:शुल्क नामदीक्षा ग्रहण करके आजीवन भक्ति मार्ग में बाधक विकारों तथा कुरितियों से बचकर सद्भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा ली। इस सत्संग में रामचन्द्र डेगाना, चेतन पंवार कोठी, नारायण लोछब, रामलाल सेन बेसरोली, मंगलाराम सारण लुणेसरा, डॉक्टर सुनिल दास, रामदेव, जेठाराम देवला, राजेंद पटवारी हरसोलाव, चेनाराम बोरानियां, भोला दास बच्छवारी सहित सैंकड़ों श्रृद्धालुओं उपस्थित रहे।

# महेंद्र बाबल बने स्टेशन मास्टर

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम नांदोली-मेड़तिया निवासी महेंद्र चौधरी पुत्र हेमाराम बाबल का अजमेर जोन से इंडियन रेलवे में स्टेशन मास्टर के पद पर चयन हुआ है। उनके चयन पर पिता ने गौशाला में एक लाख इक्यावन हजार की राशि देने की घोषणा की हैं। गौरतलब हो कि हेमाराम जी बड़ा पुत्र गोपाल बाबल बीएसएनएल केन्द्रीय सरकारी सेवा में कार्यरत हैं। पुत्री निर्मला राजकीय विद्यालय राजलौता में व्याख्याता एवं दामाद सुखाराम कलिया हरसौर में व्याख्याता हैं। उनके चयन पर सरपंच संघ अध्यक्ष रामदेव साहू, ब्लॉक अध्यक्ष मानवाधिकार संगठन नाथूराम कलिया, टेनिस बॉल जिला उपाध्यक्ष रामनिवास चाहर सहित गणमान्य लोगों ने खुशी जाहिर की है।

# नोबेल विजेता डगलस डॉयमंड ने कहा, अमेरिका के दरों में वृद्धि की रफ्तार घटाने पर स्थिर होगा रुपया

नई दिल्ली।

आर्थिक विज्ञान में इस साल के नोबेल पुरस्कार के विजेता डगलस डब्ल्यू डायमंड ने कहा है कि विनिमय दर का अनुमान लगाना कठिन है हालांकि जब अमेरिका में दरों में वृद्धि की गति कम होगी तब रुपये में भी स्थिरता आएगी। अमेरिकी अर्थशास्त्री ने 'पीटीआई-भाषा' को ईमेल के जरिये भेजे साक्षात्कार में कहा कि जब अमेरिका विनिमय दरों को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाता है तब डॉलर मजबूत होता है तथा जब अमेरिका और भारत में ब्याज दर लगभग एक समान स्तर पर आ जाएंगी, तो चीजें सामान्य होने लगेंगी। शिकॉगो विश्वविद्यालय के बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस में प्रोफेसर डगलस डब्ल्यू डायमंड को अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के पूर्व चेयरमैन बेन बेर्नान्के और अमेरिका के अर्थशास्त्री फिलिप एच डिबविग के साथ नोबेल पुरस्कार मिला है। उनके अध्ययन का विषय था कि ''बैंकों को बर्बाद होने से बचाना क्यों आवश्यक है।'' अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये में निरंतर गिरावट आने के बारे में एक सवाल के जवाब में डायमंड ने कहा, ''विनिमय दरों का अनुमान लगाना कठिन है। जब अमेरिका दरों में अप्रत्याशित तरीके से वृद्धि करता है, तो डॉलर में मजबूती आती है। जब अमेरिका में दरों में वृद्धि की गति घटेगी, तब रुपये में स्थिरता आएगी।'' शुक्रवार को, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़कर 81.54 पर प्रति डॉलर पर था।

डायमंड ने कहा कि बैंकों की निगरानी प्रणाली तब अच्छी तरह से काम करती है जब उनके पास काफी पूंजी होती है और बैंक के अंदरूनी लोगों को बहुत कम उधार मिलता है। उन्होंने कहा, ''मेरा अनुमान है कि भविष्य में भी यह जारी रहने वाला है। बचतकर्ताओं को ऊंचा रिटर्न मिले इसके लिए बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा भी जरूरी है।'' नोबेल पुरस्कार विजेता डायमंड ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम जी राजन के साथ 2001 में 'थ्योरी ऑफ बैंकिंग' पर काम किया था। उन्होंने कहा कि इसमें से निकले निष्कर्षों में से एक यह था कि बैंकों को अनुशासित करने के लिए उनका थोड़ा कमजोर होना जरूरी है।

# श्री वागीश्वरी विद्या मंदिर मारवाड़ मूंडवा में कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

## प्रतियोगिता में 16 छात्रों व 10 छात्राओं की टीमों ने लिया भाग

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** श्री वागीश्वरी विद्या मंदिर मारवाड़ मूंडवा में 56वीं जिला स्तरीय सब जूनियर बालक बालिकाएं कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को किया गया, जिसमें 16 छात्रों व 10 बहिनों की टीमों ने भाग लिया, जिसके मुख्य अतिथि गोविंद कड़वा नागौर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण मुंडेल प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा, रमाकांत शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, सुभाष कंदोई नगर पालिका अध्यक्ष मारवाड़ मूंडवा प्रतिनिधि, जगदीश मुंडेल नगर पालिका मूंडवा उपाध्यक्ष, संपत लाल गेपाला संरक्षक वागीश्वरी विद्या मंदिर व भंवरलाल गोपाला रहे। पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा लक्ष्मीनारायण मुंडेल ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हुए शिक्षा या खेल दोनों में पूर्णता सक्षम होने की सीख दी और विशेष तौर से अपने भविष्य को आसमान की ऊंचाइयों पर पहुंचाने हेतु मोबाइल की लत से दूर रहने की बात कही, जिससे हमें हमारा लक्ष्य प्राप्त करने में भटकाव नहीं होगा। सुभाष कंदोई नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि धर्म नगरी मूंडवा में आए हुए समस्त खिलाड़ियों का मान बढ़ाते हुए उनको धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यालय प्रांगण श्री वागीश्वरी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए विद्यालय परिवार को धन्यवाद दिया और सभी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा कर आए हुए अतिथियों के साथ उद्घाटन मैच का शुभारंभ किया जिसमें लीग मैच में खेले गए सर्वप्रथम मैच में पालोट के द्वारा अमरपुरा को 26 अंकों से हराया गया। दूसरे मैच में वागीश्वरी मारवाड़ मूंडवा ने बुगरी क्लब को 3 अंक से हराया, मारोठ ने नागड़ी को 33 अंक से हराया, वीर तेजा डेगाना ने बालाजी क्लब डेगाना को 29 अंक से हराया, लीलण क्लब नागौर ने महादेव क्लब चौसली एक अंक से हराया। वागीश्वरी मारवाड़ मूंडवा ने चौधरी क्लब डेगाना को 57 अंक से हराया, महादेव कोलिया ने इंडियन क्लब को 18 से, कठौती ने लाडनूं को 20 अंक से सिद्धार्थ विद्या मंदिर मारवाड़ मूंडवा ने नागौर को 5 अंक से, वागीश्वरी मारवाड़ मूंडवा ने जाखेड़ा को 35 अंक से, कोलिया ने जसवंतपुरा को 41 अंक से हरा करअपने दमदार खेल का प्रदर्शन किया जिसमें खेल के मुख्य निर्णायक के रूप में नागौर कबड्डी एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद कड़वा,कबड्डी संघ से शारीरिक शिक्षक राजेंद्र गौड़निंबाराम ताराचंद इब्राहिम खान भागीरथ चोयल भूराराम बेड़ावे वागीश्वरी विद्या मंदिर की ओर से सरवन सत्यनारायण कासनिया राजेंद्र लटियाल धर्मेंद्र रांकावत राजेंद्र गेपाला कानाराम भवानी राव श्रीपाल मनीष रविंद्र सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे और खेल का लुफ्त उठाया।

# वन विभाग कर्मियों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



## 15 सूत्रीय मांगों पर विचार करने की मांग की

अबूबकर बल्खी।

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ):** संयुक्त संघर्ष समिति वन विभाग राजस्थान के आह्वान पर लाडनूं ब्लॉक के वन कर्मचारियों द्वारा क्षेत्रीय विधायक मुकेश भाकर को 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। जिस पर लाडनूं विधायक भाकर ने समस्त मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री स्तर पर चर्चा करने एवं इस मामले में उचित निर्णय कर संघर्ष समिति वन विभाग को राहत दिलवाने का आश्वासन दिया है।

ज्ञापन में मुख्य रूप से वन कर्मी को समक्ष पद पुलिस, पटवारी, ग्राम सेवक आदि के समान वेतन दिलवाने, जंगलों में राज कार्य करने वाले वन कर्मियों को मैस भत्ता राशि दिलवाने, अवैध शिकार, अतिक्रमण, खनन, कटान, छंगाई व हिंसक जीवों के रेस्क्यू वाले वन कर्मियों को विशेष भत्ता देने, वन विभाग में कार्यरत प्रभारीयों को सेवा नियम के दायरे में लेते हुए पदोन्नति करवाने, वन कर्मियों का साइकिल भत्ते बढ़ाने व पेट्रोल इंजन का खर्चा दिलवाने, अवैध शिकार, खनन, कटाई, गैर वानिकी कार्यों की रोकथाम हेतु स्वयं की सुरक्षा के लिए हथियार दिलवाने, वन विभाग में कार्यरत वाहन चालकों की योग्यता अनुसार पदोन्नति के अवसर प्रदान करने एवं इनकी ड्यूटी के घंटे निर्धारित करने आदि की मुख्य मांगे रखी गई।

इस दौरान लाडनू वन विभाग रेंजर भंवरलाल, वनपाल डालसिंह, मनोज सींवर ब्लॉक अध्यक्ष, मनोज खोखर, रामूराम, वन कर्मी मोहन सिंह, पन्नाराम, लालाराम, जयराम, सियाराम, छोटूराम, देवाराम, सुरजाराम व अन्य वन कार्मिक उपस्थित रहे।

# जसवंतगढ़ में सी.सी सड़क व उच्च जलाशय का हुआ शिलान्यास



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के ग्राम जसवंतगढ़ की गली नंबर 8 में एक किलोमीटर लंबी सी.सी रोड व उच्च जलाशय का शिलान्यास विधायक मुकेश भाकर द्वारा किया गया। जिसमे समस्त ग्रामवासियो की तरफ से विधायक का स्वागत किया गया। ग्रामीणों की और से विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया। पानी की टंकी के किये भूमि दान दाता श्याम सुन्दर दायमा का स्वागत विधायक भाकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लाडनूं चेयरमैन रावत खां, पीसीसी सदस्य कैलास निठारवल, जिप सदस्य सावित्री गर्वा, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि गिरधारी दायमा, छगनलाल गर्वा, जसवंतगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष इक़बाल खां, उप सरपंच ओम प्रकाश शर्मा, पार्षद मानसब खां, लियाकत खां, ठेकेदार अल्लानूर लंगा, पूर्व उप सरपंच रुस्तम खां आदि मौजूद रहे। पंचायत समिति सदस्य यज्ञदत्त दायमा ने गाँव की अन्य समस्याओं से विधायक को अवगत करवाया। जिला परिषद प्रतिनिधि ओम शंकर गर्वा ने आगंतुक मेहमानों का धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापित किया।

# सूची में नाम जुड़वाने के लिए नये मतदाताओं ने दिये आवेदन

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** मतदाता सूचियों को अपडेट करने को लेकर निर्वाचन आयोग के द्वारा चलाये जा रहे विषेश अभियान के तहत डेगाना में बीएलओं ने आवेदन कर्ताओं से फोटू सहित दस्तावेज प्राप्त किये। बीएलओ हुकमसिंह परिहार, बाबूलाल गोदारा, रामपाल रायल ने निर्वाचन बूथ 112,113,115 सीनियर बालिका स्कूल में सुबह 10 से सांय 4 बजे तक नाम शुद्दिकरण के लिए फार्म 8, नाम हटाने के लिए 7 एवं 17 साल की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं से नये नाम जोडने के लिए फार्म 6 के तहत आवेदन प्राप्त किये, जिसमे रविवार को कुल 28 आवेदन प्राप्त हुये।

# कस्तूरबा बालिका विद्यालय में गर्म वस्त्र किए भेंट

## बारवाल परिवार की तरफ से आयोजित हुआ कार्यक्रम



### बाबूलाल पलाड़ा रहे मुख्य अतिथि

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ):** शाकम्भरी माता रोड स्थित राजकीय कस्तूरबा बालिका विद्यालय में रविवार को आराघना मंच के अध्यक्ष व सेवानिवृत उपनिरीक्षक राजस्थान पुलिस चुन्नीलाल बारवाल कुमावत की ओर से बालिकाओं को कम्बल, स्वेटर, मौजे, ऊनी टोपे बांटे गए। आवासीय विद्यालय में गर्म पानी के लिए ईंधन भी दान किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य व कुमावत विकास समिति अध्यक्ष बाबूलाल पलाड़ा मुख्य अतिथि थे जबकि अध्यक्षता शिव प्रसाद अग्रवाल ने की।

कार्यक्रम में राजूराम घोड़ेला, दुर्गेश मारोठिया, सुरेश कुमार, प्रमोद आर्य, रामअवतार ने नेमींचद बारवाल, गोपाललाल कुमावत आदि मौजूद थे। पलाड़ा ने गेट पर काऊ केप्चर लगवाने की घोषणा की। कार्यक्रम में प्रमोद आर्य, शिवप्रसाद अग्रवाल व चुन्नीलाल बारवाल ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम का मंच संचालन सत्यनारायण बारवाल कुमावत ने किया।

# एक दिसंबर से होंगे ये बड़े बदलाव! सीधा आपकी जेब पर डालेंगे असर

**नई दिल्ली।** देश में हर महीने की पहली तारीख को आमतौर पर कुछ बदलाव होते हैं। कोई नया नियम अमल में आता है या किसी पुराने नियम में संशोधन होता है। इस साल यानी 2022 में भी एक दिसंबर को ऐसा ही होने जा रहा है। दिसंबर में कई ऐसे बदलाव होने जा रहे हैं जो सीधे आपकी जेब पर असर डाल सकते हैं। ऐसे में आपको इन बदलावों की जानकारी होनी जरूरी है। आप अपने काम 30 नवंबर तक जरूर निपटा लें, जिससे आपको कोई परेशानी न हो।

**लाइफ सर्टिफिकेट जमा नहीं कर पाएंगे पेंशनर्स :** केंद्र एवं राज्य सरकार से पेंशन लेने वाले व्यक्तियों को सालाना लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना पड़ता है। पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण-पत्र यानी लाइफ सर्टिफिकेट जमा करने की आखिरी तारीख 30 नवंबर 2022 है। ऐसे में अगर इस महीने के अंत तक उन्होंने अपना जीवन प्रमाण-पत्र जमा नहीं किया तो एक दिसंबर से ऐसा करने में उन्हें असुविधा हो सकती है। अगर समय पर लाइफ सर्टिफिकेट जमा नहीं किया गया तो उनकी पेंशन रुक भी सकती है। ऐसे में समय से पेंशनर्स अपना लाइफ सर्टिफिकेट जरूर जमा कर दें।

**सीएनजी-पीएनजी की कीमतों में बदलाव :** देशभर में हर महीने ज्यादातर पहली तारीख या पहले सप्ताह में सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में बदलाव होता है। पिछले महीने की शुरुआत में कमर्शियल सिलेंडरों की कीमतें घटी थी, पर घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था। दिल्ली और मुंबई में महीने के शुरुआती हफ्ते में पेटोलियम कंपनिया गैस के दाम में बदलाव करती है। हालांकि पिछले कुछ महीनों में दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में सीएनजी और पीएनजी के रेट में बढ़ोतरी हुई है।

**ट्रेनों के टाइम टेबल में बदलाव :** दिसंबर से ठंड बढ़ जाती है। इस दौरान कोहरा भी काफी पड़ता है। कोहरा बढ़ने के चलते ट्रेनें लेट होती हैं और कई कैंसिल भी होती हैं। कोहरे को देखते हुए रेलवे टाइम टेबल में बदलाव कर सकता है। ऐसे में संभावना है कि दिसंबर में कुछ ट्रेनों का समय बदल जाए। अगर आप ट्रेन से कहीं जाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो उसका समय जरूर चेक कर लें।

## इन तारीखों पर बैंक रहेंगे बंद

अगले महीने यानी दिसंबर में 13 दिन कामकाज नहीं होगा यानी बैंक बंद रहेंगे। बैंक की 13 दिनों की छुट्टियों में दूसरे और चौथे शनिवार और सभी रविवार को वीकेंड हॉलिडे हैं। इसके अलावा दिसंबर महीने में क्रिसमस, साल का आखिरी दिन और गुरु गोबिंद सिंह जी का जन्मदिन भी आ रहा है, इस दिन बैंको में अवकाश रहता है। ऐसे में अगर आप दिसंबर में किसी काम से बैंक जा रहे हैं तो इन तारीखों को जरूर नोट कर लें। इससे आपको किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

# जनवरी-सितंबर में गुरुग्राम में घरों की बिक्री तीन गुना होकर 24,482 इकाई पर

**नई दिल्ली।** चालू कैलेंडर साल के पहले नौ माह यानी जनवरी-सितंबर के दौरान गुरुग्राम में सालाना आधार पर घरों की बिक्री तीन गुना से अधिक होकर 24,482 इकाई पर पहुंच गई है। एनारॉक के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। एक साल पहले समान अवधि में गुरुग्राम में आवासीय इकाइयों बिक्री 7,725 रही थी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com